राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

उद्योगपतियों, फैक्ट्री मालिकों से श्रमिकों हेतु कोविड उपयुक्त मानवीय व्यवहार रखने का अनुरोध

राज्यपाल ने सावधानी और सतर्कता रखते कोविड से बचाव की भावपूर्ण अपील की

सतर्कता, टीकाकरण और मानवीयतापूर्ण दृष्टिकोण से ही हम कोरोना को हरा पाएंगे

—राज्यपाल

जयपुर, 22 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण पर चिंता जताते हुए आम जन का आह्वान किया है कि वे घर से बाहर न निकलें। दूरी बनाए रखें, मास्क आवश्यक रूप से पहनें और स्वच्छता के नियमों की पालना करें। उन्होंने निर्माण उद्योग से जुड़े उद्योगपतियों, फैक्ट्री मालिकों से भी अनुरोध किया है कि वे श्रमिकों के प्रति कोविड उपयुक्त मानवीय व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव नियमों की पालना के साथ रोजगार से जुड़ी गतिविधियां बाधित नहीं हों, श्रमिकों का पलायन नहीं हो, किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं हो, इसका भी सभी स्तरों पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना की यह नयी लहर खतरनाक है। इससे बचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सावधानी, सतर्कता, टीकाकरण और मानवीयतापूर्ण दृष्टिकोण से ही हम कोरोना को हरा पाएंगे। उन्होंने 'जन अनुशासन पखवाड़े' के तहत राज्य सरकार द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर लगायी गयी पाबंदी की आम जन को पालना करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि यह विकट दौर है, आम जन सावधानी और सतर्कता रखें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें।

राज्यपाल ने एक मई से 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाने के केन्द्र सरकार के निर्णय को संवेदनशील और महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कोरोना के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई की यह महती शुरुआत है। उन्होंने निर्धारित आयु पात्रता के अंतर्गत सभी को वेक्सीनेशन अवश्य कराने का भी आह्वान किया है।

....